## शिविर में 61 यूनिट रक्तदान किया

**सादुलपुर,** (निसं)। राजस्थान ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, सादुलपुर (चूरू) के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष में संस्थान के श्रीराम पीजी कॉलेज के सभागार में शुक्रवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ बहन ब्रह्माकुमारी शोभा बहन, जगदीश राय जैन, महंत जगदीश पुरी, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रामावतार सोनी, डॉ. रनसिंह जांगिड, पूर्व महाप्रबंधक एसबीआई एम एन कुरैशी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी तारानगर डॉ. सुमन जाखड, प्रधानाचार्य सुमन पूनिया, सेवानिवृत व्याख्याता पुरुषोत्तम पांडिया के आतिथ्य में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। संस्थान के चेयरमैन डॉ. दीपचंद साहू ने सभी का स्वागत किया। सुरेंद्र सैनी एवं गणेश दाधीच के नेतृत्व में सोनी ब्लड सेंटर की टीम ने रक्त संग्रहण किया। रक्तदान शिविर में श्रीराम पीजी कॉलेज एवं राजस्थान बीएड कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने तथा राजस्थान पब्लिक स्कूल के समस्त स्टाफ ने एवं आसपास के गणमान्य लोगों ने बढ-चढकर शिविर में हिस्सा लिया। शिविर में 61 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया।

# उप चुनावों से पहले सैनी समाज दोनों पार्टियों से टिकट की दावेदारी करेगा

- राजनैतिक चिंतन सभा का आयोजन कल होगा
- प्रेस वार्ता में डॉ. कमलचंद सैनी ने कहा-संख्या के आधार पर सैनी समाज को मिलनी चाहिए टिकट



सैनी समाज के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रेस वार्ता कर 15 सितंबर को प्रस्तावित राजनैतिक चिंतन सभा की जानकारी दी।

**झुंझुनूं,** (निसं)। झुंझुनूं विधानसभा के लिए उप चुनाव प्रस्तावित है। ऐसे में ना केवल नेता, बल्कि सैनी समाज ने भी टिकट की दावेदारी के लिए ताल ठोक दी है। शुक्रवार को सैनी समाज के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रेस वार्ता कर 15 सितंबर को प्रस्तावित राजनैतिक चिंतन सभा की जानकारी दी।

सभा के संयोजक व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कमलचंद सैनी ने बताया कि 15 सितंबर को झुंझुनूं विधानसभा उप चुनाव में समाज के नेताओं को टिकट देने की मांग को लेकर निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों ही प्रमुख पार्टी कांग्रेस और भाजपा से समाज की मांग रहेगी कि वे संख्याबल के आधार पर इस बार उप चुनावों में सैनी समाज के प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारे।

उन्होंने कहा कि पूरा सैनी समाज एकजुट है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण उदयपुरवाटी विधानसभा चुनाव है। जिसमें समाज ने एकजुटता के साथ एकतरफा वोटिंग कर कांग्रेस के प्रत्याशी को चुनाव जिताया है। यही स्थिति झुंझुनूं विधानसभा उप चुनाव में होगी। यदि सैनी समाज को कांग्रेस या भाजपा टिकट देती है तो 95 प्रतिशत सैनी समाज एकजुटता के साथ वोटिंग करेगा। यदि टिकट नहीं दी तो आगे का निर्णय भी सैनी समाज बैठक करके करेगा। उन्होंने कहा कि झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र में सैनी समाज के अच्छी संख्या में वोट है। यदि रोटेशन भी पार्टियां टिकट देती तो अब तक कम से कम दो बार दोनों पार्टी प्रत्याशी उतार सकती थी। लेकिन सैनी समाज को दोनों ही पार्टियों ने वोट बैंक के रूप में काम लिया है। जो इस बार नहीं होगा।

आपको बता दें कि डॉ. कमलचंद सैनी खुद भी भाजपा की टिकट की दावेदारी कर रहे हैं, टिकट के सशक्त दावेदारों में शामिल है। साथ ही सैनी समाज कल्याण संस्थान के संरक्षक राजेंद्र प्रसाद सैनी, राष्ट्रीय सैनी सभा के जगदीश प्रसाद सैनी तथा संतोष सैनी ने प्रेस वार्ता में बताया कि जिला मुख्यालय पर 15 सितंबर रविवार को सुबह 11 बजे सेठ नेतराम मघराज कॉलेज के सामने स्थित कैलाश केसरी अस्पताल के पास सैनी समाज की राजनीतिक चिंतन सभा होगी जिसमें समाज बंधु अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होंगे। संतोष सैनी ने कहा कि पूरे राष्ट्र के ताने बाने में शौर्य, शिक्षा, कृषि, चिकित्सा, राजनीति आदि सभी क्षेत्रों में सैनी समाज का अभूतपूर्व योगदान रहा है। इस राजनीतिक चिंतन सभा में चिंतन का महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि हम अपनी इस विरासत को राजनीति में आगे कैसे बढ़ा सकते हैं? साथ ही वक्ताओं ने राजनीतिक चिंतन सभा में सभी समाज बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया। ताकि हमारी सामाजिक और राजनीतिक स्थिति मजबूत करने की दिशा सुनिश्चित हो सके।

# 'बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन हो'

- प्रभारी मंत्री संजय शर्मा ने बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक ली

**सीकर,** (निसं)। वन, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, विज्ञान एवं प्रौधोगिकी विभाग एवं सीकर व नीमकाथाना जिले के प्रभारी मंत्री संजय शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार सीकर में राज्य सरकार की बजट घोषणा 2024-25 के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस दौरान प्रभारी मंत्री शर्मा ने राज्य सरकार की बजट घोषणाओं में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए इन्हें समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

वन मंत्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं और बजट घोषणााओं का समयबद्ध क्रियान्वयन करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रत्येक अधिकारी इसकी गंभीरता समझते हुए पूर्ण जिम्मेदारी से कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घोषणाओं का समयबद्ध कार्यक्रम निर्धारित करते हुए शत्-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाये। इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर इन घोषणाओं की नियमित मॉनिटरिंग हो तथा आवश्यकता के अनुसार उच्च स्तर पर भी समन्वय रखा जाये।

प्रभारी मंत्री शर्मा ने जिला सीकर एवं नीमकाथाना की बजट घोषणा 2024-25 की समीक्षा कर भूमि आवंटन करने सहित सभी कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने भारी वर्षा के कारण टूटी सड़कों की मरम्मत से संबंधित प्रस्ताव भिजवाकर उन पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक विधानसभा में स्कूलों, कॉलेजों एवं अस्पतालों की मरम्मत के संबंध में तीन करोड़ रुपए तक के प्रस्ताव राज्य स्तर पर भिजवाने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री शर्मा ने बैठक में 17 सितंबर 2024 को जिला स्तर पर आयोजित होने वाले रोजगार उत्सव की तैयारीयों की समीक्षा भी की। प्रभारी मंत्री शर्मा ने जिले के विधायकों द्वारा अवगत करवाई गई समस्याओ के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

## सम्मान के साथ पुलिसकर्मियों को मिलेगा संबल

**झुंझुनूं,** (निसं)। झुंझुनूं एसपी शरद चौधरी ने कार्यभार संभालने के बाद एक के बाद एक नवाचार कर रहे है। अच्छे कामों को लेकर वे जहां लगभग हर दिन अपने पुलिसकर्मियों का सम्मान कर रहे हैं। वहीं अब उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संबल भी प्रदान करेंगे।

झुंझुनूं एसपी शरद चौधरी के निर्देश पर झुंझुनूं पुलिस ने एक व्हाट्स ग्रुप बनाया है। जिसका नाम रखा गया है झुंझुनूं के जाबांज। इस ग्रुप में जिले के सभी 966 कांस्टेबल शामिल किए गए हैं। अब कांस्टेबलों को अपनी समस्याओं को लेकर अधिकारियों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। वे एक मैसेज इस ग्रुप में डालेंगे और सबसे पहले थानाधिकारी, उसके बाद वृत्ताधिकारी उसकी समस्या का समाधान करेंगे। यदि उनसे भी समस्या का समाधान नहीं होगा तो एसपी शरद चौधरी खुद संज्ञान लेंगे। वहीं हर समस्या की मॉनिटरिंग भी एसपी खुद करेंगे। एसपी ने बताया कि कांस्टेबल ही हमारी पुलिस के असली जाबांज है। जो अपनी ड्यूटी जान पर खेलकर करते है। ना बारिश, ना धूप, ना सर्दी ना ही गर्मी, कुछ नहीं देखते। ड्यूटी करते है। इसलिए एक तरफ जहां उनके कार्यों की प्रशंसा होनी चाहिए।

# जाहरवीर गोगाजी स्टेट ओपन कबड्डी प्रतियोगिता शुरू

- खेल से शारीरिक के साथ मानसिक व भौतिक विकास भी होता है : कस्वां



चूरू के झारिया में जाहरवीर गोगाजी स्टेट ओपन कबड्डी प्रतियोगिता का सांसद राहुल कस्वां ने शुभारंभ किया।

**चूरू,** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम झारिया में जाहरवीर गोगाजी स्टेट ओपन कबड्डी प्रतियोगिता का शुभांरभ शुक्रवार को मुख्य अतिथि सांसद राहुल कस्वां ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आकाश नाथ महाराज ने की। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव मुस्ताक खान, सरपंच प्रतिनिधि निसार खान, पंचायत समिति सदस्य धर्मेन्द्र बुड़ानिया, पंचायत समिति सदस्य सुनिल मेघवाल व यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव महेश ढूकिया थे।

आगंतुक अतिथियों ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांसद कस्वां ने ग्रामीणों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कहा कि खेल से व्यक्ति का शारीरिक के साथ-साथ मानसिक व भौतिक विकास भी होता है। खिलाड़ियों को बिना किसी भेद भाव के आपसी सौहार्द के साथ खेलना चाहिये। उन्होंने कहा कि मैं झारिया ग्राम के विकास में कोई कमी नहीं छोडूंगा। इस अवसर पर सांसद कस्वां ने गांव के विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए आधुनिक लाइब्रेरी की घोषणा की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये पीसीसी सचिव मुस्ताक खान ने कहा कि खेल को प्रतिद्वंदता की बजाय प्रतिस्पर्धा के साथ खेलना चाहिए। इस दौरान सांसद राहुल कस्वां व मुस्ताक खान ने ग्रामवासियों के साथ गोगामेड़ी में गोगाजी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। उद्घाटन मैच झारिया और तोगावास के मध्य खेला गया, जिसमें तोगावास ने जीत हासिल की। इस अवसर पर रणवीर कस्वां, भंवरसिंह, अविनाश सहारण, दाऊद खान, रावताराम, डूंगरराम, गोविन्द गोदारा, इन्द्रजीत सहारण, जयप्रकाश सहारण, लालचंद गोदारा, जाकिर, अख्तर, गोपी कस्वां, ओमप्रकाश, विधाधर फौजी सहित अनेक ग्रामीणों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# मंदिर में चोरी करते दो महिलाओं को पकड़ा

**खेतड़ी,** (निसं)। सिंघाना थाना क्षेत्र के कुठानिया की श्री देवी माई में मंदिर कमेटी की सक्रियता से महिला चोर गैंग को चोरी की वारदात को अंजाम देते पकड़ लिया।

मेले में भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर में सुरक्षा का घेरा ऐसा बनाया हुआ है, जिसकी वजह से चोर गैंग की दो महिलाओं को मौके पर ही पकड़ लिया गया। इसके बाद मंदिर कमेटी की ओर से दोनों महिलाओं को पुलिस के हवाले कर दिया गया। मंदिर कमेटी कोषाध्यक्ष नरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि कुठानिया के देई माई मंदिर में 15 दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले प्रदेश के अलावा पड़ोसी राज्यों के श्रद्धालु बच्चों के के जात जडूले लगाने के लिए आते है। मेले में आने वाली भीड़ को देखते हुए पुलिस के जवान, वालिंटियर व मेला कमेटी की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए है। मंदिर में श्रद्धालु महिलाएं बच्चों की धोक लगाने के लिए लाइन में लगी हुई थी। इस दौरान थली की रहने वाली महिला के धोक लगाते समय पचेरी से चोरी करने आई दो महिलाओं व एक नाबालिग ने उसका मंगलसूत्र तोड़ लिया। इसी दौरान भीड़ में दो महिलाएं मंगलसूत्र तोड़ते हुए दिखाई दी तो कमेटी के सदस्यों ने तुरंत भीड़ में पहुंचकर दोनो महिलाओं को पकड़ लिया। दोनों महिलाओं से पूछताछ की तो उन्होंने चोरी करना स्वीकार कर लिया तथा चोरी किया गया मंगलसूत्र भी बरामद कर लिया। मंदिर कमेटी ने पीड़ित महिला को वापस मंगलसूत्र दिया गया तथा आरोपी चोर गैंग की दो महिलाओं को सिंघाना पुलिस को सौंप दिया गया।

## ढाई घंटे बिजली बन्द रहेगी

**सादुलपुर,** (निसं)। 132केवी जीएसएस सादुलपुर में अति आवश्यक मरम्मत कार्य प्रस्तावित होने के कारण 132केवी जीएसएस सादुलपुर से निकलने वाले 33 केवी फीडर की विद्युत आपूर्ति 14 सितम्बर को सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक बन्द रहेगी। सहायक अभियंता दिनेश यादव ने बताया कि इसी दौरान सीटी फीडर, पिलानी रोड फीडर, सिद्धमुख फीडर, ददरेवा फीडर, नीमां फीडर व लम्बोर फीडर आदि 33केवी फीडर की सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12बजे तक अढाई घंटों विद्युत आपूर्ति बन्द रहेगी।

# 'शेखावाटी साहित्य संगम' के पोस्टर का विमोचन

**झुंझुनूं,** (निसं)। सीकर में आयोजित होने वाले "शेखावाटी साहित्य संगम" के पांचवें संस्करण के पोस्टर का विमोचन झुंझुनूं जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने किया। पांच दिवसीय यह आयोजन शेखावाटी में अपनी एक अनूठी पहचान बना चुका हैं। इस आयोजन में शालेय विद्यार्थी स्तर पर रंगोली प्रतियोगिता, नाटक, पोस्टर, गायन, वाद-विवाद, नृत्य आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन होता है। पांच दिवसीय इस आयोजन में पुस्तक परिचर्चा, लेखकों के साथ संवाद, डिबेट सत्र, चर्चा व संवाद सत्र आदि रहने वाले हैं। पोस्टर विमोचन के बाद मानसिंह शेखावत व योगेंद्र सिंह सैनी ने जिला कलेक्टर को आयोजन में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया। शेखावाटी साहित्य संगम की टीम से राहुल सिंह कबीरसर ने बताया कि "शेखावाटी साहित्य संगम" का पांचवां संस्करण 28 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक जैन भवन सीकर में आयोजित होने जा रहा है। इस वर्ष साहित्य के इस महाकुंभ में 25 से अधिक प्रकाशकों की लगभग 30 हजार पुस्तकें उपलब्ध रहने वाली है।

# चूरू जिले की संस्कृतिपूर्ण शिक्षा व्यवस्था से मन हर्षित होता है : मंत्री दक

- राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने नवनिर्मित नारायणी देवी राधा कृष्ण भगत विज्ञान एवं वाणिज्य भवन का लोकार्पण किया
- पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़, डॉ संजय कृष्ण सलिल, भामाशाह ताराचंद गोयल रहे मौजूद



सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन विभाग के राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) गौतम कुमार दक ने तारानगर में बनेचंद सरावगी उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर में नवनिर्मित नारायणी देवी राधा कृष्ण भगत विज्ञान एवं वाणिज्य भवन का लोकार्पण किया।

**तारानगर,** (निसं)। सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक शुक्रवार को तारानगर दौरे पर रहे। मंत्री दक ने तारानगर मुख्यालय स्थित बनेचंद सरावगी उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर में नवनिर्मित नारायणी देवी राधा कृष्ण भगत विज्ञान एवं वाणिज्य भवन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री गौतम कुमार दक, पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़, डॉ संजय कृष्ण सलिल, गोपाल शरण गर्ग, भामाशाह ताराचंद गोयल व विम्मी देवी गोयल, रतनकुमार गोयल, शिवप्रसाद सहित अतिथि मंचस्थ रहे।

मंत्री दक ने कहा कि चूरू जिले की संस्कारवान व संस्कृतिपूर्ण शिक्षा व्यवस्था देखकर मन हर्षित होता है। यहां से प्रेरणा लेकर हम हमारे क्षेत्र को भी शिक्षा व्यवस्था में सुदृढ़ करेंगे।

भामाशाह ताराचंद गोयल द्वारा निर्मित नए भवन की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि भामाशाह द्वारा अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई जनोपयोगी व परोपकार के कार्य में लगाना उनकी प्रतिष्ठा में चार चांद लगाता है। विज्ञान व वाणिज्य भवन निर्मित होने से अंचल के विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षा मिलेगी व विद्यार्थी तकनीकी शिक्षा भी ग्रहण कर सकेंगे।

उन्होंने कहा कि, विद्यार्थी तकनीकी शिक्षा के साथ संस्कार, संस्कृति, देश प्रेम व देशभक्ति की शिक्षा लेंगे। इससे शिक्षा सहित समस्त क्षेत्रों में देश का मान- सम्मान बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि हमारी भावी पीढ़ी आधुनिकता के साथ संस्कृति व संस्कारवान शिक्षा हासिल करे। हम सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के स्वप्न को साकार करें। पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि हमारी भावी पीढ़ी संस्कृति व संस्कारों से परिपूर्ण हो तथा उनमें हमारी समृद्ध विरासत के प्रति अनुराग व श्रद्धा का भाव हो। संस्कृति से जुड़ी शिक्षा संस्कार व मर्यादाएं विकसित करती है। उन्होंने कहा कि आज हम स्किल इंडिया की बात करें तो आधुनिक शिक्षा में भी भारत विश्व से आंख मिला रहा है, परंतु हमारी पहचान हमारी संस्कृति से है। इसलिए हमारी संस्कृति के प्रति अनुराग रखते हुए नई पीढ़ी का निर्माण हो। नई शिक्षा नीति में प्राथमिक शिक्षा को मातृभाषा से जोड़कर हमारी शिक्षा पद्धित को और अधिक संस्कारवान बनाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने भामाशाह के सहयोग से निर्मित भवन की सराहना करते हुए कहा कि भामाशाहों द्वारा शिक्षा चिकित्सा व आधारभूत विकास कार्यों के प्रति समर्पण का भाव हमारे यहां की संस्कृति रही है। भामाशाह ताराचंद गोयल ने अपने जीवन अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि जीवन में किसी भी कार्य की सफलता के लिए उसकी मौलिकता आवश्यक है। नकल से आप अल्पकालिक खुशी अर्जित कर सकते हैं, परंतु सफलता के लिए मौलिकता पहली शर्त है। उन्होंने बताया कि स्टील किंग एलएन मित्तल के पिता के साथ काम किया और व्यापार किया। छोटी उम्र में घर से बाहर प्रवास के चलते औपचारिक शिक्षा नहीं मिल पाई। शिक्षा से वंचित होने के भाव को महसूस किया। इसलिए उनकी इच्छा है कि शिक्षा क्षेत्र का उन्नयन हो। इस अवसर पर डॉ संजय कृष्ण सलिल, गोपाल शरण गर्ग, शिवप्रसाद ने भी विचार व्यक्त किए।

## गणपति विसर्जन यात्रा प्रमुख मार्गों से निकाली

**चिड़ावा,** (निसं)। शहर के विवेकानंद चौक में पिछले सात दिन से चल रहे विवेकानंद चौक के राजा के महोत्सव का विधिवत समापन शुक्रवार शाम मूर्ति विसर्जन के साथ हुआ। गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तूं जल्दी आना...देवा हो देवा गणपति देवा...जय गणेश काटो कलेश...जैसे जयकारों और नारों के मध्य श्रद्धालुओं ने गणपति को भावपूर्ण विदाई दी।

इस दौरान पांडाल में सात दिन तक सेवा देने वाले श्रद्धालु भावुक भी हो उठे। वहीं विसर्जन से पूर्व विवेकानंद चौक में हवन किया गया। हवन के बाद महा आरती हुई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जिसके बाद शोभायात्रा विवेकानंद चौक, मुख्य बाजार, पुरानी तहसील रोड, कबूतरखाना बस स्टैंड, स्टेशन रोड, कोर्ट रोड, तिरंगा स्थल, मुख्य बाजार, कल्याण राय मंदिर के पास से होते हुए गौशाला रोड पहुंची। यहां पर आखिरी आरती की गई। जिसके बाद कुएं के पास कुंड में मूर्ति जा विधिवत विसर्जन किया गया। वहीं पूरे रास्ते में डीजे की धुन पर श्रद्धालु नाचते गाते हुए गणपति की भक्ति के रंग में रंगे हुए नजर आए। इस दौरान महेश शर्मा धन्ना, रोहिताश्व महला, संदीप फतेहपुरिया, रमेश मराठा, राजू मराठा, सोनू मराठा, जयराम, रमेश स्वामी, दिनेश मराठा, पवन, मकरंद, सुभाष पंवार, रमेश कोतवाल, अनूप धाबाई, शुभम शर्मा, नटवर कोतवाल, अश्विनी कोतवाल सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### जल महोत्सव रैली निकाली



झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनूं के तत्वावधान में स्काउट गाइड द्वारा जिला कलेक्टर परिसर से राजस्थान जल महोत्सव 2024 अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन रैली का आयोजन किया गया। सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि रैली प्रारंभ होने से पहले एडीएम रामरतन सौंकरिया ने स्काउट्स गाइड्स को संबोधित करते हुए कहा कि जल संरक्षण समय की महत्ती आवश्यकता है। क्योंकि वर्तमान परिपेक्ष में जल काफी गहराई तक चला गया है तथा पृथ्वी के भूभाग में पीने योग्य जल की मात्रा बहुत कम है। इसलिए जल संसाधनों का अत्यधिक दोहन नहीं करते जल का सदुपयोग करें एवं स्काउट गाइड के माध्यम से आमजन को प्रेरित किया जाए कि वह जल का संरक्षण करें। इस दौरान एडीएम ने स्काउट गाइड्स को जल संरक्षण के लिए शपथ भी दिलवाई। कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा मनोज ढाका, जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता अभिषेक कुमार सैनी, सीओ स्काउट महेश कालावत आदि ने विचार व्यक्त किये। राजस्थान जल महोत्सव रैली के अंतर्गत 23 विद्यालयों के 250 से अधिक स्काउट गाइड ने सहभागिता की। रैली को अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो कलेक्टर सर्कल, नगर परिषद, बस स्टैंड, जेपी जानूं स्कूल होते हुए स्काउट गाइड कार्यालय पहुंची।

### रामदेव मंदिर में मेला भरा

**बीदासर,** (निसं)। लोक देवता बाबा रामदेव की दशमी के उपलक्ष में कस्बे के गणगौरी चौक स्थित बाबा रामदेव मंदिर में मेला भरा। मेले के चलते मंदिर प्रांगण में भक्तो की दिनभर चहल पहल रही। मंदिर प्रांगण में प्रातः से ही श्रद्धालुओं का आने का क्रम शुरू हो गया जो देर शाम तक जारी रहा। श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में धोक लगाकर खीर चूरमा नारियल जलेबी पतासा का भोग लगाया तथा सुख-समृद्धि की कामना की। बाबा की दशमी को लेकर मंदिर प्रांगण की विद्युत स्वचालित यंत्रों से रंग बिरंगी सजावट की गई। वही कस्बे के अनेक रामदेव मंदिरों में भी दशमी के उपलक्ष पर भक्तों की चहल-पहल रही।

### जागरण में थिरके गोगा भक्त

**चूरू,** (निसं)। सरदारशहर रोड़ स्थित जाहरवीर गोगाजी महाराज पीपलाणा धाम में गुरुवार को भव्य रात्री जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मेड़ी के भगत बनारसी लाल सोनी ने गोगा पीर की ज्योत प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान गायक कलाकार श्यामलाल ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का आगाज किया। स्थानीय कलाकारों ने भी गोगा पीर के भजनों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। जागरण में गोगा भक्तों ने डेंरू की धुन पर हाथों में निशान लेकर भव्य नृत्य किया। इस अवसर पर श्रवण कुमार, बनवारी लाल, मोहन सैनी, शुभकरण, हरिराम, सत्तार खान, बाबू खान आदि ने सहयोगी भूमिका निभाई।

### गणेश महोत्सव का समापन

**चूरू,** (निसं)। जिला मुख्यालय के वार्ड 32 स्थित शिव कॉलोनी में शिव मित्र मंडल की ओर से चल रहे सात दिवसीय गणेश महोत्सव का समापन शुक्रवार को मूर्ति विसर्जन के साथ हुआ। इस दौरान भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल महिला व पुरुष नाचते-गाते और एक दूसरे को गुलाल लगाकर खुशी का इजहार करते दिखाई दिये। शोभायात्रा डीजे के साथ शिव कॉलोनी स्थित शिवालय से रवाना होकर धर्म स्तूप, राम मन्दिर, गढ़ चौराहा होते हुये मुख्य मार्गो से सवाई सागर बगीची पहुंची। जहां मूर्ति का विधिवत विसर्जन किया गया। इस अवसर पर शिव मित्र मंडल के मनोज गुर्जर, कमल सैनी, मयंक सैनी, मोहित सैनी, दिनेश शर्मा, राजेश वर्मा, देव जांगिड़, रिपुदमन प्रजापत, हर्ष व आनंद सैनी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे।

### चोरी के मामले का खुलासा करने की मांग

**चिड़ावा,** (निसं)। शहर की सेही रोड पर बालाजी मंदिर के पास बैंक कर्मचारी मुकेश शर्मा के घर लाखों की चोरी के मामले का खुलासा करने की मांग उठ रही है। इस संबंध में शुक्रवार को में महावीर इंटरनेशनल इंद्रधनुष संस्थान के बैनर तले लोगों ने डीएसपी विकास धींधवाल को ज्ञापन सौंपा। जिसके माध्यम से चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि 12 सितंबर 2024 को दोपहर करीब 12:00 बजे चार संदिग्ध युवक बैंक कर्मी मुकेश के घर के इर्द-गिर्द घूम रहे हैं। संभवत युवकों ने घर से करीब 120000 रुपए नगद और सोने चांदी के गहने चुरा लिएउन्होंने बताया कि चारों संदिग्ध युवकों के फुटेज भी मिल चुके हैं ऐसे में आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को सहूलियत में मिलेगी। डीएसपी ने जल्द ही मामले का खुलासा करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर संस्थान अध्यक्ष डॉक्टर एलके शर्मा, मुकेश जलिंद्रा, विक्रम शर्मा, मुकेश शर्मा, दिनेश कुमार, सज्जन गोदारा सहित अन्य मौजूद थे।

### 8 लाख रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की

**झुंझुनूं,** (निसं)। सामाजिक संस्था एफर्ट्स ने पांचवां स्थापना दिवस अंबेडकर भवन में मनाया गया। कार्यक्रम में समाज के जरूरतमंद 44 बच्चों को आठ लाख रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीएम रामरतन सौंकरिया थे। जबकि सीडीईओ अनुसूईया सिंह, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा, सीओ स्काउट महेश कलावत, महेश जीनगर, लीलाधर चौहान, गौरव सैनानी ओमप्रकाश भूरिया, रविंद्र आल्हा, पूजा एवं डॉ. हिमांशु विशिष्ट अतिथि रहे। इस अवसर पर एडीएम सौंकरिया ने बताया कि यह संस्था जिले में समाज को नई दिशा देने के लिए अच्छा कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अपनी पहचान अपने कार्य से है। आज के वर्तमान समय में शिक्षा के दम पर ही हम अच्छा जीवन जी सकते हैं। इसलिए ज्यादा से ज्यादा मेहनत कर अच्छी शिक्षा लेकर उच्च पदों पर पहुंचना है। जिससे हम समाज को नई दिशा प्रदान कर सके। सीडीईओ अनुसुइया सिंह ने शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डाला। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. बीएल सर्वा ने कार्यक्रम में आत्महत्या न करने की शपथ दिलाई। सीओ महेश कलावत ने बताया कि आज के युवा वर्ग को शिक्षा के साथ साथ सामाजिक सरोकारों में भी भाग लेना चाहिए।

### 'पीड़ित को अब शीघ्र मिलेगा न्याय'

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला एवं सेशन न्यायाधीश दीपा गुर्जर ने झुंझुनूं जिले के न्याय क्षेत्र में कार्यरत न्यायिक अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कहा है कि समस्त न्यायिक अधिकारी पुराने लंबित प्रकरणों का यथा संभव शीघ्र निस्तारण करें। जिससे पीड़ित पक्षों को शीघ्र न्याय मिल सके। गुर्जर ने कहा कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में भी अधिकाधिक प्रकरणों का निस्तारण शीघ्र किया जाएगा। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि भावी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारण करने के लिए दोनों पक्षों को लोक अदालत में बुलाकर सहमति से मामलों का निस्तारण करें। वीडियो कॉन्फ्रेंस में सभी अधिकारियों ने विचार विमर्श कर न्याय प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी करने की बात भी कही। इस अवसर पर जिले के सभी न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।

### तेजाजी की मूर्ति का अनावरण

**सुजानगढ,** ( नि.स.) वार्ड नं. 4 में चौधरी चरण सिंह कॉलोनी में स्थित जाट भवन में तेजा दशमी के अवसर पर कानाराम गुलेरिया के द्वारा लगाई गई वीर तेजाजी महाराज की मूर्ति का अनावरण चूरू सांसद राहुल कस्वा व रतनगढ विधायक पूसाराम गोदारा एवं सुजानगढ विधायक मनोज मेघवाल, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, विद्याधर बेनीवाल, पीसीसी सदस्य रामकरण गुलेरिया द्वारा किया गया। छोटूराम खीचड, हरजीराम गुलेरिया, सागरमल गुलेरिया, आशाराम गुलेरिया, नानूराम खोखर, लालचंद गुलेरिया, मगनाराम गुलेरिया, धीरूराम गुलेरिया, हरिसिंह जानू, रामकरण गुलेरिया, टीकमचंद मंडा, हनुमान मल भींचर, लक्ष्मणराम झाझडा, हरिओम खोड, अमरचंद जाखड, प्रहलाद जाखड, केसरमल बटेसर, मोहनलाल बुगालिया, नेमाराम बटेसर, गणपत डोगीवाल द्वारा किया गया।